## कार्यालय नगर निगम देहरादून

(निविदा सूचना)

नगर निगम, देहरादून द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण–2022 के ओ0डी0एफ0 ++ के दृष्टिगत मलिन बस्तियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित मोबाइल शौचालय तथा एफ0आर0पी0 शौचालय की सफाई के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 29–03–2023 से 07–04–2023 तक सभी कार्य दिवसों में स्वास्थ्य अनुभाग कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दिनांक 10–04–2023 को 2.00 बजे तक जमा की जायेगी जो कमेटी के समक्ष दिनांक 10.04.2023 को सांय 4.00 बजे खोली जायेगी।

नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून

# कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

(का0– 0135–2714074:फैक्स– 0135–2651060: ई–मेल– (nagarnigam.ddn@gmail.com)

पत्रांकः 2538 (५) दिनांकः 28/3/23

**प्रतिलिपिः–**

1. सम्पादक, राष्ट्रीय सहारा, समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में आगामी अंक के कम से कम स्थान में प्रकाशित करते हुए निर्धारित छूट के साथ बिल एवं समाचार पत्र की दो प्रति निःशुल्क इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का कष्ट करे।
2. सम्पादक, द पाईनियर, समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को उत्तराखण्ड संस्करण के आगामी अंक के कम से कम स्थान में प्रकाशित करते हुए निर्धारित छूट के साथ बिल एवं समाचार पत्र की दो प्रति निःशुल्क इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का कष्ट करे।
3. श्री मनीष पन्त आई0 टी0 आफिसर को इस निर्देश के साथ कि उक्त निविदा सूचना को नगर निगम, देहरादून की बैबसाइट में अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. नगर निगम, देहरादून सूचना पट पर चस्पा हेतु।

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी,
नगर निगम देहरादून।

Manish Pant
28/03/2023

<u>निविदा दस्तावेज</u>

**वर्ष 2023–2024**

नगर निगम, देहरादून द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण–2023 के वाटर+ के दृष्टिगत मलिन बस्तियों में स्थापित एफ0आर0पी0 एवं शौचालयों की सफाई कार्य कराने हेतु निविदा की शर्ते।

| | | |
|---|---|---|
| | निविदा डालने एवं खोलने की तिथि एवं समय | • निविदा प्रकाशित करने की तिथि 28/03/2023<br>• निविदा क्रय करने की तिथि 29/03/2023<br>• निविदा क्रय की अन्तिम तिथि 07/03/2023<br>• निविदा डालने की अन्तिम तिथि 10/03/2023 से समय 02:00 बजे।<br>• निविदा खोलने की तिथि 10/04/2023 को समय 04:00 बजे। |
| 1 | कार्य का नाम | • नगर निगम, देहरादून द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण–2023 के वाटर+ के दृष्टिगत मलिन बस्तियों में स्थापित एफ0आर0पी0 एवं मोबाइल शौचालयों की सफाई कार्य। |
| 2 | कार्य का विवरण | एफ0आर0पी0 एवं मौबाइल शौचालयों की सफाई हेतु निम्नानुसार मानव/संसाधनों के द्वारा कार्य कराया जाना प्रस्तावित है।<br>• नगर निगम, देहरादून द्वारा 17 स्थानों में सत्यापित कुल FRP शौचालय की संख्या 87 सीट एवं 04 मोबाइल शौचालय की सफाई का कार्य (संलग्न सुचि) किया जाना है।<br>• शौचालयों की सफाई हेतु सफाई उपकरण (Broom, Phneyl,Harpic, Washing Powder etc) , अथवा अन्य सामग्री जैसे की (PPE Kit, mask, gloves, gumboots etc) आदि की व्यवस्था सफल निविदादाता के द्वारा की जायेगी। यदि उक्त साम्रगी कर्मचारियों को प्राप्त नही करायी जाती है तो निविदादाता पर अर्थदण्ड की कार्यवाही होगी।<br>• रिपोर्टिंग के रूप में एफ0आर0पी0 एवं मोबाइल शौचालयों की सफाई की प्रति दिन की फोटोग्राफ (Time stamp & GPS location enabled) संलग्न करना अनिवार्य होगा। फोटोग्राफ की सूची नगर निगम में प्रति सप्ताह प्रस्तुत करनी होगी। |

| | | |
|---|---|---|
| | | • सफाई के मानक जैसे की एफ0आर0पी0 एवं मोबाइल शौचालयों की पूर्ण सफाई, नलों की लीकेज, सीटों की सफाई, एफ0आर0पी0 की बाहरी एवं अन्दर की दीवारे/पैनल, फर्श आदि पूर्ण रूप से साफ होनी चाहिये।<br>• सफल निविदादाता द्वारा, कार्य के दौरान अगर एफ0आर0पी0 एवं मोबाइल शौचालयों की कोई क्षति होती है तो इस क्षति का भुगतान सफल निविदादाता द्वारा किया जायेगा।<br>• स्वच्छ भारत मिशन के दिशा–निर्देशों के अनुसार शौचालयों में साफ/सफाई हेतु कर्मचारी नियुक्त करना अनिवार्य होगा।<br>• उक्त कार्य प्रतिदिन एवं अवकाश दिवस में भी संचालित किया जायेगा।<br>• सफल निविदादाता द्वारा प्रति दिन प्रति एफ0आर0पी0 एवं मोबाइल शौचालयों का लॉगबुक बनाया जाना अनिवार्य है। लॉगबुक को बिल के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। |
| 3 | निविदा हेतु पात्रता/ अर्हता | • निविदादाता फर्म/पते का प्रमाण पत्र संलग्न<br>• निविदादाता फर्म का पंजीकरण प्रमाण पत्र<br>• निविदादाता के पास पेन कार्ड, जी0एस0टी0 पंजीकरण होना अनिवार्य है।<br>• निविदादाता फर्म किसी संस्था से ब्लैक लिस्टेड न हो का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।<br>• निविदादाता फर्म को कार्य अनुभव के आवश्यक प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य है। कार्य अनुभव का अर्थ है, जैसे की मलिन बस्तियों में स्थापित एफ0आर0पी0 एवं मोबाइल शौचालयों की सफाई का कार्य अथवा हाउसकीपिंग संबन्धित का कार्य इत्यादि।<br>• निविदादाता फर्म के विरूद्ध कोई कानूनी विवाद न हो का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।<br>• **निविदादाता फर्म द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 का औसत टर्न ओवर रू0 20,00,000/– (बीस लाख) से कम नही होना चाहिए** जो कि **सी0ए0 द्वारा प्रमाणित संलग्न करना अनिवार्य है।**<br>• निविदादाता फर्म द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 का आयकर रिर्टन संलग्न करना अनिवार्य है। |
| 4 | शर्ते एवं नियम | • कार्य के लिए अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।<br>• सर्शत ओवरराइटिंग वाली निविदा पर कोई विचार न कर ऐसी निविदा को निरस्त माना जायेगा। |

| | | |
|---|---|---|
| | | • निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून को होगा।<br>• निविदा में तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर निविदा समिति द्वारा सफल पाये गये निविदा दाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।<br>• वित्तीय दरों में अंकों आदि में किसी भी प्रकार का संशय होने पर शब्दों में प्रदान की दरों को माना जायेगा अथवा इस प्रकार जिससे नगर निगम देहरादून का हितसाधन हो पढ़ा/व्याख्या किया जायेगा।<br>• निविदादाता व नगर निगम देहरादून के मध्य विवाद होने पर विवाद क्षेत्र जिला न्यायालय देहरादून होगा। |
| 5 | निविदा शुल्क | • निविदा फार्म शुल्क रू0 500+90 (जी0एस0टी0) /-कुल रू0590 (जी0एस0टी0 साहित) |
| 6 | धरोहर राशि | • निविदा हेतु धरोहर राशि के रूप में रू0 20,000 /-बीस हजार) एफ0डी0आर/डिमांड ड्राफ्ट/बैंक गारण्टी एवं सी0डीआर0 दिया जाना होगा जो **वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम, देहरादून** के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। |
| 7 | कार्यपूर्ति प्रतिभूति | • उपरोक्त दिये गये कार्य का विवरण, सफल निविदादाता द्वारा एक वर्ष के लिये अनुबन्ध किया जायेगा।<br>• अनुबंध के सम्यक रूप से निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए सफल निविदादाता फर्म जिसके पक्ष में अनुबंध दिया गया हो, से कार्यपूर्ति प्रतिभूति ली जायेगी। अनुबंध में निहित धनराशि के मूल्य को दृष्टिगत रखते हुए कार्यपूर्ति अनुबंध मूल्य के 5 प्रतिशत होगी, कार्यपूर्ति प्रतिभूति वार्णिज्य बैंक से निर्गत आदाता के नाम डिमान्ड ड्राफ्ट, सावधि जमा रसीद या बैंक गारन्टी के मूल्य में निविदा प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा।<br>• कार्यपूर्ति प्रतिभूति प्रति माह प्रस्तुत एवं स्वीकृत बिल में से 5 प्रतिशत काट लिया जायेगा। निविदादाता द्वारा प्रस्तुत धरोहर राशि को कार्यपूर्ति प्रतिभूति में समायेजित किया जायेगा।<br>• कार्यपूर्ति धरोहर निविदा दाताओं के संविदा से सम्बन्धित सभी दायित्व सम्मिलित है। कार्य अवधि पूर्ण होने के दिवस से 60 दिवस तक वैध होना आवश्यक है।<br>• सफल निविदादाता द्वारा कार्यपूर्ति प्रतिभूति धरोहर प्रस्तुत करने के बाद उसकी निविदा धरोहर वापस कर |

| | | |
|---|---|---|
| | | दी जायेगी। |
| 8 | निविदा विधि | • निविदा हेतु दो प्रस्ताव प्रणाली आमंत्रित की जा रही है, जिसमें प्रस्ताव–एक में निविदा से सम्बन्धित दस्तावेज/शपथ पत्र/धरोहर राशि/टेण्डर फीस एवं कार्य से सम्बन्धित विवरण उपलब्ध कराये जायेंगे। एवं प्रस्ताव–दो में वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा जो कि नगर निगम,देहरादून के स्वास्थ्य अनुभाग में जमा करना अनिवार्य है। |
| 9 | वित्तीय प्रस्ताव | • न्यूनतम दरें के आधार निविदादाता फर्म का चयन किया जायेगा।<br>• निविदा हेतु पात्रता/अर्हता में सफल निविदादाताओं का वित्तीय बिड खोली जायेगी। |
| 10 | भुगतान प्रक्रिया | • प्रत्येक माह कार्य के उपरान्त बिल प्रस्तुत करने पर अगले माह के 15 दिवसों में भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।<br>• नगर निगम द्वारा निविदा दाता के साथ अनुबंध की शर्तो के अनुसार भुगतान किया जायेगा।<br>• नगर निगम स्तर पर अपरिहार्य कारणों से भुगतान में विलम्ब होने पर निविदादाता द्वारा कार्य नहीं रोका जायेगा।<br>• कार्य संतोष जनक/बिलों के सत्यापन के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।<br>• भुगतान जी0पी0एस0 सिस्टम प्रणाली के सत्यापन के उपरान्त ही किया जायेगा।<br>• तकनीकी कारणों से भुगतान में विलम्ब होने पर फर्म द्वारा कारणों के निस्तारण किये जाने के बाद शीघ्र भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।<br>• एफ0आर0पी0 एवं मोबाइल शौचालयों की सफाई के कार्य का फोटोग्राफ (Time stamp & location enabled) संलग्न करना अनिवार्य है जिसकी प्रतियों को भुगतान के समय प्रेषित करना होगा। |
| 11 | अर्थदण्ड प्रक्रिया | • कार्य आदेश/अनुबंध का निरन्तर उलंघन करने पर समानुपातिक कटौती की जायेगी अथवा अनुबंध निरस्त करने पर विचार किया जा सकता है।<br>• मलिन बस्तियों में स्थापित एफ0आर0पी0 एवं मोबाइल शौचालय यदि निरीक्षण के दौरान साफ नही पाये जाते है तो अर्थदण्ड के रूप में रू0 500/– प्रति एफ0आर0पी0 एवं मोबाइल शौचालयों भुगतान से कटौती किया जायेगा। |
| 12 | विवाद की स्थिति | • फर्म तथा नगर निगम के मध्य कोई विवाद होने पर उसका निपटारा नगर निगम स्तर पर किया जायेगा। |

| | | |
|---|---|---|
| | | • किसी भी प्रकार के विवाद होने की स्थिति में न्याय क्षेत्र नगर निगम देहरादून होगा। |
| 13 | निविदा स्वीकार/ स्वीकृति | • किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, देहरादून के पास सुरक्षित है। यह आवश्यक नहीं है कि न्यूनतम अथवा अन्य निविदा स्वीकार ही की जाये।<br>• दरें स्वीकृत होने पर निविदादाता को कार्य करने से पूर्व 100/–रूपये के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध करना होगा। |
| 14 | क्षतिपूर्ति | • किसी भी कारणवश स्थापित एफ0आर0पी0 एवं मोबाइल शौचालयों से आकस्मिक घटना/ दुर्घटना घटित होने पर पूर्ण जिम्मेदारी/ जबाबदेही निविदादाता फर्म की होगी। |
| 15 | कार्य आदेश | • यदि कोई निविदादाता कार्य आदेश के बाद निर्धारित समय में कार्य प्रारम्भ नहीं करता अथवा संतोष जनक रूप से कार्य नहीं करता अथवा शर्तो का उलंघन करता है तो निविदादाता की धरोहर राशि जब्त करते हुए उसका अनुबंध एवं निविदा को निरस्त किया जायेगा अथवा फर्म को ब्लैक लिस्ट किया जा सकता है। |
| 16 | कार्य अवधि | • उक्त कार्य की अवधि 01 वर्ष होगी तथा कार्य की त्रिमासिक समीक्षा की जायेगी, कार्य संतोषजनक पाये जाने पर समिति की सहमति से कार्य अवधि/अनुबंध को दो वर्षो के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है। |
| 17 | विलम्ब से प्राप्त निविदा | • देर से प्राप्त (निर्धारित तिथि एवं समय के बाद) निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। |
| 18 | समीक्षा समिति | • नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून की अध्यक्षता में निम्नानुसार उक्त कार्य की समीक्षा समिति गठित की जायेगी<br>• नगर आयुक्त/नामित अधिकारी–अध्यक्ष<br>• मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी–सदस्य<br>• वरिष्ठ वित्त अधिकारी–सदस्य<br>• अधिशासी अभियन्ता–सदस्य |
| 19 | निविदा का प्रकाशन | • निविदा उत्तराखण्ड निविदा पोर्टल www.uktenders.gov.in पर प्रकाशित किया जायेगा, इसके साथ नगर निगम की बेबसाइट www.nagarnigam dehradun. Com पर भी उपलब्ध रहेगा।<br>• निविदा प्रक्रिया में विस्तार एवं किसी भी प्रकार के परिवर्तन होने की दशा में निविदा पोर्टल पर शुद्धि पत्र प्रकाशित किया जायेगा। |

## प्रपत्र (क) तकनीकी निविदा का प्रारूप

### संलग्नक/प्रमाण पत्रों की छायाप्रति का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | फर्म का नाम | |
| 2. | फर्म का पता | |
| 3. | फर्म का फोन/मोबाइल नं0 | |
| 4. | फर्म का पैन कार्ड की छायाप्रति | |
| 5. | जी0एस0टी पंजीकरण संख्या की छायाप्रति | |
| 6. | फर्म की धरोहर राशि EMD | |
| 7. | 03 वर्षो का आयकर विवरण (2019–20, 2020–21,2021–22) वित्तीय वर्ष | |
| 8. | फर्म की विगत 03 वर्षो की बैलेन्स सीट सी0ए0 द्वारा प्रमणित | |
| 9. | फर्म का विगत 03 वर्षो का औसत टर्न ओवर प्रतिवर्ष 20 लाख से कम न हो। | |

निविदादाता के हस्ताक्षर

निविदादाता का नाम.................................

पता...........................................

मोहर.......................................

मोबाइल नम्बर.....................................

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी,
नगर निगम, देहरादून।

# वित्तीय निविदा

नीचे लिखे कार्य के लिए तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दिनांक.................. की अपराह्न........................बजे तक जमा करने होंगे उसके उपरान्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**कार्य का नामः** नगर निगम, देहरादून द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण –2023 के वाटर+ के दृष्टिगत मलिन बस्तियों में स्थापित एफ0आर0पी0 एवं मोबाइल शौचालयों की सफाई कार्य करने हेतु ।

| क्र.स. | विवरण | दर प्रति माह | जी0एस0टी | कुल दर प्रति माह (जी0एस0टी सहित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम, देहरादून द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण–2023 के वाटर+ के दृष्टिगत मलिन बस्तियों में स्थापित कुल 87 एफ0आर0पी0 एवं 04 मोबाइल शौचालयों की सफाई एवं धुलाई का कार्य कराने हेतु। | | | |

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी,
नगर निगम, देहरादून।

निविदादाता के हस्ताक्षर
निविदादाता का नाम.................................
पता...........................................
मोबाइल नम्बर.....................................

मोहर.......................................